The *main* issue involved in the two courts was the prices fixed by the Government under the provisions of Drugs (Prices Control) Order, 1979 for the said products.

(b) to (d) Delhi High Court gave the direction to the Govt, in the case of M/s. Glaxo India Limited to review the prices. The prices have since been fixed after review.

(c) Does not arise.

**Allotment of Dealership/Agencies of Petrol Pump, cooking gas, Diesel and Kerosene oil**

1271. SHRI KRISHAN LAL SHARMA: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS be pleased to state:

(a) what is the number of persons who applied for dealerships/agencies of Petrol pumps, cooking gas, diesel/kerosene oil during the period from December 1989 to July, 1990, State-wise;

(b) what is the number of persons whom the said dealerships were given by Government on the basis of their fulfilling the eligibility criteria laid down for this purpose; and

(c) what is the number of dealerships-agencies which have been allotted by Minister under his discretionary quota?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS (SHRI M.S. GURUPADASWAMY): (a) and (b) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

(c) Twenty four Diesel/Petrol retail outlet dealerships, twenty-five LPG distributorships and fourteen kerosene dealerships were granted at the discretion of Government, on merits of individual cases, from Febraury to July, 1990. No such allotment was made in December, 1989 and January, 1990.

**दामोदर घाटी निगम से बिहार और पश्चिमी बंगाल को मिलने वाली बिजली की सप्लाई का बन्द किया जाना**

1273. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दामोदर घाटी निगम से बिहार और पश्चिमी बंगाल को मिलने वाली बिजली की सप्लाई बन्द कर दी गई है ;

(ख) यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं और इस संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है ; और

(ग) इस स्थिति से निपटने के लिये सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री पी० उपेन्द्र) :** (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

**बिजली की कमी के कारण पश्चिमी बंगाल और बिहार स्थित कोल इंडिया लि. की कोयला खानों को हुई हानि**

1274. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिजली की कमी के कारण पश्चिमी बंगाल और बिहार स्थित कोल इंडिया लि० का अधिकांश कोयला-खानों को भारी नुकसान उठाने पड़े हैं ;

(ख) यदि हां, तो जून और जुलाई, 1990 के महीनों में विभिन्न कोयला खानों की कार्य क्षमता पर क्या प्रभाव पड़ा है तथा इस प्रकार से हुई हानि का ब्यौर क्या है; और